प्रेस नोट-32
दिनांक 20.03.2025
सराहनीय कार्य जनपद अमेठी
थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, चोरी की कुल 1004 बोरी सीमेन्ट (कीमत लगभग 6,20,000/-रुपये) , सीमेन्ट बिक्री के 01 लाख 80 हजार रूपये नकद व 01 अदद ट्रक के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में दिनांक 19.03.2025 को उ0नि0 महेन्द्र सरोज थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान टिकरिया से गुडूर की तरफ आ रहे मोटरसाइकिल सवार 02 व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होने पर रोककर पूछताछ व मोटरसाइकिल के कागजात दिखाने को कहा गया तो कागजत न दिखा सके। पूछताछ में व्यक्तियों नें अपने नाम 01. सत्यम पाल पुत्र शिवभजन पाल निवासी पुरे इच्छाराम पण्डित मजरे अफोइया थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष ने बताया कि मैं ACC सीमेन्ट फैक्ट्री टिकरिया में CDS कार्यालय में आपरेटर पद पर तैनात हूँ , 2. मजीबुल्ला पुत्र हफीजुल्लाह निवासी ग्राम भगुरी शिवाकटरी थाना दुधारा जनपद सन्तकबीर नगर उम्र करीब 22 वर्ष ने बताया कि मैं आर के लक्ष्मी ट्रान्सपोर्ट की ट्रक चलाता हूँ। तलाशी से सत्यम पाल के कब्जे से 40,000 रुपये व मजीबुल्ला के कब्जे से 40,000 रुपये नकद बरामद हुए। बरामद रुपये के बारे में पूछताछ करने पर दोनो व्यक्तियों ने बताया कि दिनांक 16.03.2025 को ACC सीमेन्ट फैक्ट्री टिकरिया से अपने दो अन्य साथी 1. सन्दीप तिवारी उर्फ कुलदीप पुत्र बलराम तिवारी निवासी ग्राम तिन्दौली पुरे बीसा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या, 2. सलमान पुत्र छोट्टन निवासी ग्राम सिठू मऊ थाना हैदरगंढ जनपद बाराबंकी व ACC सीमेन्ट फैक्ट्री टिकरिया के अन्य कर्मचारीगण शिवाजीत, विशाल शुक्ला सिक्योरिटी आफिसर , वीरपाल सिंह कांटा आफिसर, दीपनारायण सुरक्षागार्ड, अरुण चतुर्वेदी सुरक्षागार्ड, मनोज वर्मा ट्रक ड्राईवर व अन्य ट्रक ड्राईवरों के साथ मिलकर ट्रक में सीमेन्ट से भरी बोरियों को बिना वजन कराये फैक्ट्री से बाहर ले जाकर बेच दिये थे। उक्त रुपये उसी सीमेन्ट की बिक्री के हैं शेष 1,00,000/- रुपये व करीब 265 ACC सीमेन्ट की बोरिया सन्दीप तिवारी उर्फ कुलदीप व सलमान के पास है। सत्यम पाल व मजीबुल्ला की निशानदेही पर ACC सीमेन्ट फैक्ट्री से कुछ दूरी पर एक खण्डहर मकान में संदीप तिवारी उर्फ कुलदीप व सलमान के कब्जे से कुल 265 बोरी ACC सीमेन्ट व तलाशी से क्रमश: 50-50 हजार रुपये बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर उक्त चारो व्यक्तियों को समय करीब 04.20 बजे शाम में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में चारो व्यक्तियों ने बताया कि हम लोग अपने उपरोक्त साथियों के साथ मिलकर ट्रक सं0 यूपी 36 टी 2207 से चोरी छिपे सीमेन्ट फैक्ट्री से ट्रक गायब कर उस सीमेन्ट को सुनसान स्थान पर उतार कर पुन: फैक्ट्री में लोडिग हेतु लाइन पर लगा देते थे। मौका मिलने पर सीमेन्ट को अलग-अलग स्थानो पर बेचकर रुपये आपस में बाट लेते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर ग्राम रतनपुर थाना बाबाबाजार जनपद अयोध्या से जीत ट्रेडर्स की दुकान से चोरी की कुल 739 बोरी सीमेन्ट बरामद हुआ। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

1. सत्यम पाल पुत्र शिवभजन पाल निवासी पुरे इच्छाराम पण्डित मजरे अफोइया थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष।

2. मजीबुल्ला पुत्र हफीजुल्लाह निवासी ग्राम भगुरी शिवाकटरी थाना दुधारा जनपद सन्तकबीर नगर उम्र करीब 22 वर्ष।
3. सन्दीप तिवारी उर्फ कुलदीप पुत्र बलराम तिवारी निवासी ग्राम तिन्दौली पुरे बीसा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या।
4. सलमान पुत्र छोट्टन निवासी ग्राम सिठू मऊ थाना हैदरगंढ जनपद बाराबंकी।

बरामदगी-

1. चोरी की कुल 1004 बोरी सीमेन्ट (कीमत लगभग 6,20,000/-रुपये)।
2. सीमेन्ट बिक्री के 01 लाख 80 हजार रूपये नकद।
3. 01 अदद ट्रक (यूपी 36 टी 2207)।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाहीः-

- मु0अ0सं0 90/25 धारा 316(4), 317(2), 61(2) बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
- एक अदद हीरो एचएफ डील्कस मोटररसाइकिल सं0 यूपी 36 एन 7805 (धारा 207 एमवी एक्ट)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 महेन्द्र सरोज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. का0 वीरेन्द्र कुमार थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. का0 प्रशान्त अग्निहोत्री थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।